Multicultural HIV/AIDS and Hepatitis C Service

NSW HEALTH

*NSW Health Factsheet - Hindi*

## *The connection between TB and HIV*

# टी बी (TB) तथा ऐच आई वी (HIV) में संबंध - तथ्य-पत्र

यह तथ्य-पत्र क्षय रोग (TB) तथा मानव रोग निरोधक अभाव विषाणु [Human Immunodeficiency Virus (HIV)] के विषय में है, यह वह विषाणु है, जिससे उपार्जित रोग निरोधक अभाव संलक्षण (Acquired Immune Deficiency Syndrome [AIDS]) हो जाता है। जिन लोगों को HIV होता है, उन्हें अन्य छूत की बीमारियाँ व रोगों के होने का ख़तरा अधिक होता है। TB उन रोगों में से एक है । यदि आपको TB बताई गई है या आपको HIV है, तो यह तथ्य-पत्र आपके लिए है।

करीब 4 करोड़ लोग, जिन्हें HIV या AIDS है, उनमें से करीब 1.3 करोड़ को TB भी है। यदि आपको HIV व TB दोनों हैं, तो इन बीमारियों का प्रारम्भ में पता लग जाना महत्वपूर्ण है, जिससे कि आप HIV व TB दोनों का इलाज आरम्भ कर सकें। यदि छूत की इन दोनों बीमारियों का इलाज न हो, तो एक साथ दोनों बहुत गम्भीर रोग पैदा कर सकती हैं।

## भाग 1: क्षय रोग (TB)

### TB क्या है?

TB एक जिवाणु (सूक्ष्म जीव) से होती है। इस बीमारी में आमतौर पर फेफड़ों पर असर होता है, पर शरीर के अन्य अंगों पर भी असर हो सकता है, जैसे कि मस्तिष्क, गुर्दे या रीढ़ की हड्डी। TB शरीर में सक्रिय या निष्क्रिय (निद्रा में) भी रह सकती है। यदि इसका इलाज न हो तो सक्रिय TB से गम्भीर स्वास्थ्य समस्याएँ हो सकती है, यहाँ तक की मौत भी।

### TB कैसे फैलती है?

TB का जिवाणु (सूक्ष्म जीव) हवा द्वारा एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है और आमतौर पर जब सक्रिय TB से प्रभावित व्यक्ति खाँसता, हँसता, छींकता या गाता है, तब यह दूसरे लोगों में फैल जाती है। जो भी पास में होगा, उसके शरीर में TB के ये जिवाणु साँस द्वारा अंदर चले जाएँगे। TB घर के बरतनों, कप, प्लेट एक दूसरे के साथ उपयोग करने या किसी व्यक्ति का चुम्बन लेने पर थूक से नहीं फैलती है।

### सक्रिय TB के लक्षण क्या हैं?

सक्रिय TB से पीड़ित लोग अक्सरः

| | |
|---|---|
| • कमज़ोर या बीमार महसूस करते हैं,<br>• उनका वज़न बहुत जल्दी घटता है<br>• उन्हें खाँसी आती है (कभी - कभी खून के साथ) व छाती में दर्द रहता है | • बुखार रहता है, और<br>• रात को पसीने आते हैं<br>• या कभी-कभी उन्हें कोई भी लक्षण नहीं होते |

### सक्रिय और निष्क्रिय TB में क्या अंतर है?

जिन लोगों को सक्रिय TB होती है वे इसलिए बीमार हैं कि उनके शरीर में बहुत अधिक मात्रा में TB के जिवाणु सक्रिय होते हैं। जिन लोगों को निष्क्रिय TB होती है, उनके शरीर में भी सक्रिय TB के जिवाणु होते हैं, पर वे बीमार इसलिए नहीं होते, क्योंकि TB के जिवाणु उनके शरीर में सोते रहते हैं। आमतौर पर इन लोगों पर पहले कभी TB के जिवाणु का प्रभाव हो चुका है। पर वे लोग जिन्हें निष्क्रिय TB है, उन्हें भविष्य में सक्रिय TB हो सकती है, विशेषकर यदि उन्हें HIV भी है तो।

| यदि आपको सक्रिय TB है, तो इसका अर्थ है किः | यदि आपको निष्क्रिय TB है, तो इसका अर्थ है किः |
| --- | --- |
| • आपके शरीर में सक्रिय TB के जिवाणु हैं<br>• आप बीमार हैं और आपको खाँसी, बुखार, वज़न कम होना, थकान और रात को पसीना आना जैसे लक्षण होंगे<br>• आप अन्य लोगों में TB के जिवाणु फैला सकते हैं<br>• आप बीमारी का इलाज करने के लिए दवा ले सकते हैं | • आपके शरीर में TB के जिवाणु हैं, पर वे सक्रिय नहीं हैं<br>• आप बीमार नहीं हैं<br>• आप अन्य लोगों में TB के जिवाणु नहीं फैला सकते<br>• आप भविष्य में सक्रिय TB से बचाव के लिए दवा ले सकते हैं |

# भाग 2: मानव रोग निरोधक अभाव विषाणु [Human Immunodeficiency Virus (HIV)]

## HIV क्या है?

HIV वह विषाणु है, जिससे AIDS हो सकती है। HIV शरीर के रोग निरोधक तंत्र पर प्रहार करता है। यदि आपको HIV का छूत लग गया है, तो कहा जाता है कि आप HIV-पॉज़िटिव (HIV निश्चित रूप से है) हैं। इसका अर्थ है कि HIV आपके रक्त प्रवाह में प्रवेश कर गया है।

## HIV एक से दूसरे में कैसे संचारित होता है?

HIV शरीर के तरल द्रव्यों में पाया जाता है, जैसे कि रक्त, वीर्य व योनि द्रव्य तथा स्तन का दूध। HIV का छूत तभी लग सकता है, जब शरीर के तरल पदार्थों में से कोई एक या कई HIV-ग्रस्त व्यक्ति के शरीर से किसी अन्य व्यक्ति के रक्त प्रवाह में प्रवेश करते हैं।

HIV केवल निम्लिखित तरीकों से संचारित हो सकता हैः

- कन्डोम के बिना यौन-क्रिया करना (असुरक्षित यौन-क्रिया)
- सुई, सिरीन्ज व इन्जेक्शन लगाने के अन्य उपकरणों का मिलजुल कर उपयोग करना
- माँ से बच्चे को गर्भावस्था में, प्रसव के समय या स्तन से दूध पिलाने से
- रक्त-आधान (Blood transfusion) तथा/या रक्त उत्पाद (ऑस्ट्रेलिया में 1985 से रक्त के उत्पादों की HIV के लिए जाँच की जाती है)

HIV इनसे संचारित नहीं हो सकतीः खाँसना, चुम्बन, छींकना, थूकना, रोना, छुरी-काँटा आदि मिल कर उपयोग करना, बिस्तर की चादरें, शौचालय, नहाने का फ़ुव्वारा या किसी प्रकार का आकस्मिक संपर्क।

## HIV के क्या लक्षण होते हैं?

आप किसी को देख कर नहीं बता सकते कि उसे HIV है। अधिकतर HIV-ग्रस्त लोग देखने में स्वस्थ होते हैं और उनको कोई लक्षण नहीं होते। लक्षण दिखने में कई वर्ष लग सकते हैं और कई HIV-ग्रस्त लोगों को ख़ुद भी पता नहीं होता कि उन्हें HIV है।

## HIV और AIDS में क्या अंतर है?

HIV शरीर के रोग निरोधक तंत्र पर प्रहार करता है। यदि उसका इलाज न किया जाए तो HIV रोग निरोधक तंत्र को हानि पहुँचाता है जिससे शरीर आम संक्रमणों से बचाव नहीं कर पाता और व्यक्ति में बीमारी और मौत होने तक का ख़तरा बढ़ जाता है। इस स्थिति को AIDS कहते हैं - उपार्जित रोग निरोधक अभाव संलक्षण (Acquired Immune Deficiency Syndrome)।

| यदि आपको HIV है तो इसका अर्थ है किः |
| --- |
| • आप में वे विषाणु हैं, जिनसे AIDS होती है<br>• हो सकता है कि आप में कोई लक्षण न हों<br>• आपका इलाज हो सकता है |

# भाग 3: TB व HIV - जाँच व निरीक्षण

HIV से शरीर का रोग निरोधक तंत्र कमज़ोर हो जाता है - "यह अन्य संक्रामक रोगों के लिए रास्ता खोल देता है" - इसलिए यदि आपको HIV व निष्क्रिय TB है, तो आपको सक्रिय TB होने की अधिक संभावना है। यदि इन दोनों संक्रामक रोगों का इलाज नहीं किया जाता तो ये मिल कर अन्य गम्भीर बीमारियाँ पैदा कर सकते हैं।

## यदि मुझे HIV है, तो यह क्यों आवश्यक है कि मेरी TB के लिए जाँच हो?

यदि आपको HIV है तो यह आवश्यक है कि यह देखा जाए कि आपको निष्क्रिय TB तो नहीं है, क्योंकि HIV-ग्रस्त लोगों में निष्क्रिय TB सक्रिय TB में बदलने की अधिक संभावना है। यदि आपको निष्क्रिय TB व HIV दोनों हैं तो आपका इलाज हो सकता है।

## यदि मुझे सक्रिय TB है, तो यह क्यों आवश्यक है कि मेरी HIV के लिए जाँच हो?

यदि आपको सक्रिय TB है, तो यह आवश्यक है कि यह देखा जाए कि आपको HIV तो नहीं है, क्योंकि सक्रिय TB से ग्रस्त लोगों में कभी - कभी HIV भी होती है। यह आवश्यक है कि जाँच की जाए, जिससे कि यदि आपको HIV और सक्रिय TB दोनों हैं, तो आपका इलाज हो सकता है।

## TB के लिए मुझे कौनसे टेस्ट करवाने होंगे?

NSW में किसी भी चैस्ट क्लिनिक में TB के लिए तीन आम टेस्ट करवाए जा सकते हैं। वे हैं:

- त्वचा पर ट्युबरकुलिन टेस्ट (TST), जिसे मौन्टु टेस्ट भी कहते हैं
- छाती का एक्स-रे
- थूक की जाँच

इन टेस्ट द्वारा जाना जा सकता है कि पहले कभी आपको TB (निष्क्रिय TB) हुई है या कि आपको सक्रिय TB है या नहीं। आपको कौनसे टेस्ट करवाने होंगे, इसका निर्णय चैस्ट क्लिनिक में होगा।

## HIV के लिए मुझे कौनसे टेस्ट करवाने होंगे?

HIV के लिए रक्त की जाँच NSW में किसी भी यौन संबंधी स्वास्थ्य क्लिनिक या आपके डॉक्टर के यहाँ करवाई जा सकती है।

## इसमें कितना खर्चा होगा?

NSW में चैस्ट क्लिनिक में TB के लिए जाँच निःशुल्क है। चैस्ट क्लिनिक में जाँच के लिए आपको समय नियत करना होगा पर आपको मैडिकेयर कार्ड नहीं चाहिए।

NSW में यौन संबंधी स्वास्थ्य क्लिनिक में HIV के लिए जाँच निःशुल्क है और आपको मैडिकेयर कार्ड नहीं चाहिए। यह जाँच आपके स्थानीय डॉक्टर के यहाँ भी करवाई जा सकती है, पर यहाँ आपको मैडिकेयर कार्ड चाहिए।

# भाग 4: TB और HIV - इलाज

## TB का इलाज

HIV-ग्रस्त लोगों में सक्रिय TB का इलाज हो सकता है और वे स्वस्थ हो सकते हैं। सक्रिय TB में कम से कम 6 महीने के लिए ऐन्टीबायोटिक मिश्रण से इलाज किया जाता है। एक नर्स देखती है कि आप दवा ले रहे हैं, उसके कोई दुष्प्रभाव तो नहीं हैं और सुनिश्चित करती है कि इलाज पूरा हो गया है।

HIV-ग्रस्त लोगों में निष्क्रिय TB का इलाज 6 महीने के लिए ऐन्टीबायोटिक से किया जाता है, जिससे कि निष्क्रिय TB सक्रिय TB में न बदल जाए।

## HIV का इलाज

अभी तक HIV व AIDS का कोई इलाज नहीं है, पर कई दवाओं का विकास किया गया है, जो HIV से बचाव करती हैं और विषाणु से रोग निरोधक तंत्र को जो हानि होती है, उसकी गति को धीमा करती हैं। इलाज करवाने से कई HIV-ग्रस्त लोग ठीक ठाक रहते हैं और एक स्वस्थ, वयस्त व भरपूर जीवन बिताते रहते हैं।

## इसका क्या खर्चा है?

TB का सभी इलाज निःशुल्क है। आपको मैडिकेयर कार्ड नहीं चाहिए। HIV का इलाज उन लोगों के लिए थोड़ी सी कीमत पर उपलब्ध है, जिनके पास मैडिकेयर कार्ड है।

# भाग 5: अन्य जानकारी

## क्या HIV या TB होने से मेरे प्रवासन की स्थिति पर प्रभाव होगा?

### TB:

निष्क्रिय TB या सक्रिय TB का रोग होने पर आपके ऑस्ट्रेलिया में प्रवासन की स्थिति पर कोई प्रभाव नहीं होगा।

### HIV:

यदि आप स्थाई निवासी हैं, तो HIV होने पर आपके ऑस्ट्रेलिया में प्रवासन की स्थिति पर कोई प्रभाव नहीं होगा। पर, स्थाई निवासी के लिए आवेदन-पत्र देने वालों की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताएँ होती हैं, जिसमें HIV टेस्ट और छाती का ऐक्स-रे भी शामिल हैं। स्थाई निवासी संबंधी कानून व नियम काफ़ी जटिल हैं, इसलिए यह आवश्यक है कि आप किसी मान्य प्रवासन एजेन्ट से कानूनी सलाह लें।

## गोपनीयता

गोपनीयता का अर्थ है कि किसी भी स्वास्थ्य सेवा के पास आपकी जो जानकारी है, वह निजी है और वे उस जानकारी को बिना आपकी अनुमति के किसी और को नहीं दे सकते। ऑस्ट्रेलिया में स्वास्थ्य देख-भाल कर्त्ता के लिए किसी और से आपकी निजी जानकारी के विषय में बात-चीत करना गैर कानूनी है।

## दुभाषिये का प्रयोग

जब आप स्वास्थ्य देख-भाल कर्त्ता या किसी अन्य सेवा से बात करते हैं, तो आप दुभाषिये का प्रयोग कर सकते हैं। सभी स्वास्थ्य देख-भाल कर्त्ताओं की तरह, दुभाषियों के लिए भी गोपनीयता बनाए रखना अनिवार्य है।

दुभाषिये का प्रयोग करके आप निम्नलिखित कर सकते हैं:

- जो भी आपको बताया जा रहा है, आप वह सब समझ सकते हैं
- पक्का करना कि जो आप कह रहे हैं, वह दूसरों की समझ में आ रहा है
- प्रश्न पूछना और उनके उत्तर पाना
- सब समझ पाना और टेस्ट या इलाज के लिए अनुमति देना

ऑस्ट्रेलिया में सभी जगह टेलिफ़ोन दुभाषिये (TIS) भी उपलब्ध हैं। (एक स्थानीय कॉल की कीमत पर) 131 450 पर फ़ोन करें और आपको जिस सेवा से बात करनी है, उससे मिला दिया जाएगा और टेलिफ़ोन दुभाषिया भी उपलब्ध होगा।

## जो सेवाएँ सहायता दे सकती हैं:

**चेस्ट क्लिनिक**

अपने समीप की चेस्ट क्लिनिक जानने के लिए देखें:
www.health.nsw.gov.au/publichealth/infectious/tb/pdf/chest_clinics/pdf

**यौन संबंधी स्वास्थ्य क्लिनिक**

अपने समीप की यौन संबंधी स्वास्थ्य क्लिनिक जानने के लिए टेलिफ़ोन व्हाइट पेज्स में 'S' के अंतर्गत देखें या यौन संबंधी स्वास्थ्य जानकारी लाईन को 1800 451 624 पर फ़ोन कर

**अपनी भाषा में HIV पर अधिक विस्तृत जानकारी के लिए देखें:**

Multicultural HIV/AIDS and Hepatitis C Service
www.multiculturalhivhepc.net.au

**अपनी भाषा में TB पर अधिक विस्तृत जानकारी के लिए देखें:**

Multicultural Health Communication Service
www.mhcs.nsw.gov.au

**NSW स्वास्थ्य विभाग**

www.health.nsw.gov.au/PublicHealth/Infectious/TB/index.asp